# इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता

By **Shreyash Panchal** March 2, 2022 3 0



विद्या और खेल जगत में अपना लोहा मनवाने वाले अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में आज खुशी का माहौल रहा। गत 24 से 28 फरवरी 2022 तक चण्डीगढ़ विश्वविद्यालय, मोहाली में आयोजित ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया । इस प्रतियोगितामें देश के अनेक विश्वविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया । अग्रवाल महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रतियोगिता के कम्पाउंड राउण्ड टीम मे दमदार प्रदर्शन दिखाते हुए, विकास राजपूत एम.ए. प्रथमवर्ष, तरुण दीक्षित बी.ए.तृतीय वर्ष, विकास डागर एम.ए. प्रथम वर्ष ने कास्य पदक अपने नाम किया। इसी प्रतियोगित के कम्पाउण्ड राउण्ड में व्यक्तिगत रूप से कास्य पदक पर विकास राजपूत एम.ए. प्रथमवर्ष ने कब्जा किया। इसी प्रतियोगित के रिकर्व राउंड में व्यक्तिगत रूप से विक्की हुड्डा एम.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने कास्य पदक अपने नाम किया। सभी खिलाड़ियों विकास राजपूत, तरुण दीक्षित, विकास डागर, विक्की हुड्डा तथा साथ ही रितिका यादव का भारत सरकार खेल विभाग द्वारा आयोजित “खेलो इंडिया” में चयन हुआ हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी ने खिलाडियों का स्वागत किया व बधाई देते हुए सदैव प्रयासरत व संघर्षरत रहने को विजय की कुंजी बताया। इस

अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता, खेल-कूद संयोजक डॉ. के. एल. कौशिक, श्रीमती कमल टंडन, डॉ. अशोक निराला, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. सारिका, डॉ. पूजा सैनी व शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ.

जगवीर सिंह व मोहित हुड्डा, कोच हरकेश उपस्थित रहें।